बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता

लखनऊ। जैक्सन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सक्षम कार्यक्रम के तहत छात्राओं को सबल बनाने के लिए आज यहां बृजवासी लान आशियाना मेंएक आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्यअतिथि के रूप में महापौर संयुक्ता भाटिया ने लड़कियों को हर मामले मे सक्षम बताते हुए छात्राओं को आर्शीवाद दिया।

लड़कियों में निडरता की भावना पैदा करने और मानसिक शक्ति को बढ़ाने के मकसद से किये गये इस आयोजन में सिटी गर्ल्स कालेज और कृष्णादेवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की क़रीब तीन सौ छात्राएं शामिल हुई। कैण्ट टायकाण्डो एकेडमी के अनुज, हर्षित, सुमित, इन्तेहाज, नौशाद और दिव्यांशी की टीम ने आत्मरक्षार्थ तौर-तरीकों का प्रदर्शन करके दिखाया। कोऑर्डिनेटर सुशील, हर्षिता, वाणी, भूमि, माण्डवी और इमरान के दल ने प्रदर्शन को विस्तार से समझाते हुए बताया कि आत्मरक्षा की ट्रेनिंग क्यों जरूरी है। प्रशिक्षण देते हुए टीम ने ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और उसकी बारीकियां भी बतायीं। संकट के समय में खुद को बचाने के लिए सीखी गई तकनीकों से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। इस अवसर पर अतिथियों के तौर पर महिला कल्याण विभाग के अधिकारी पुनीत मिश्रा, दोनों महाविद्यालयों की प्रधानाचार्या अमृता सक्सेना व सारिका दुबे, डा.पूजा कनोडिया, ऋतु जैसवाल, अविनाश अरोड़ा, मल्लिका श्रीवास्तव, जैकसन ग्रुप की सेराया रिबेला, कुमार अविषेक और गिव होप फाउण्डेशन के संस्थापक आशीष मौर्य मौजूद थे।